**कक्षा -XII**

**गृह विज्ञान (064)**

**अभ्यास प्रश्नपत्र-1 (2020-21)**

**अवधि: 3 घण्टे** **पूर्णांक :70**

**सामान्य निर्देश :-**

**1.सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |**
**2. यहाँ पूरे 36 प्रश्न हैं I**
**3. प्रश्न पत्र को तीन खंडों -क ख और ग में बाँटा गया हैं|**
**4.खंड -क में 1 से 14 (वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न) हैं और प्रत्येक 1 अंक का है |**
**5. खंड -ख में प्रश्न संख्या 15 से 21 (केस स्टडी पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न) हैं, प्रत्येक 1 अंक का है I**
**6.खंड -ग में प्रश्न संख्या 22 से 27 प्रत्येक 2 अंक का, प्रश्न संख्या 28 से 29 , प्रत्येक 3 अंक का ,प्रश्न संख्या 30से 33, प्रत्येक 4 अंक का और प्रश्न संख्या 34 से 36 प्रत्येक 3 अंक का हैं |**
**7. कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं |**
**8. जहाँ भी आवश्यक हो, उदाहरणों के साथ अपने उत्तरों का समर्थन करें |**

| | **खंड -क (वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न)** | |
|---|---|---|
| **क्रमांक** | **बहुविकल्पीय प्रश्न** | **अंक** |
| **1.** | **इनमें से पोषण की कमी व अधिक खाने से कौन सी स्थिति पैदा होती है ?**<br>**क) अत्यधिक पोषण**<br>**ख) अपर्याप्त पोषण**<br>**ग ) अल्प पोषण**<br>**घ) पोषक तत्त्वों की कमी**<br>**अथवा**<br>**इनमें से बच्चों के आँख में विकार का सबसे सामान्य कारण क्या है**<br>**क) आई. डी. डी.**<br>**ख) वी. ए. डी.**<br>**ग) पी. ई . एम.**<br>**घ) आई. डी. ए.** | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | जीवाणु को वृद्धि व गुणा करने के लिए इनमें से कौन  सी स्थिति अपेक्षित होती हैं<br>क) सूरज की रोशनी<br>ख) नमी<br>ग) उचित तापमान<br>घ)  ख)  व ग)  दोनों | 1 |
| 3 | ------------------------ का तात्पर्य उस स्थिति से है जिसमें कोई खाद्य पदार्थ मानव उपभोग के लिए सुरक्षित न हो।<br>क) सुखाना<br>ख) खाद्य का संदूषण<br>ग) खाद्य संसाधन<br>घ) खाद्य संरक्षण | 1 |
| 4 | --------------के द्वारा खाद्य सुरक्षा व गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं की जा सकती \|<br>**क.** एच. ए. सी.सी. पी.<br>**ख.** जी. एम. पी.<br>**ग.** जी. एच. पी.<br>**घ.** पी. एफ. ए.<br><br>अथवा<br><br>------------------ भौतिक खतरा नहीं है \|<br>**क.** बाल<br>**ख.** मक्खी<br>**ग.** पत्थर<br>**घ.** बटन | 1 |
| 5 | कानून का उल्लंघन करने पर संरक्षक देखभाल में रखे गए दोषी पाए किशोरों को किस प्रकार के घरों में  रखा जाता है?<br>**क.** प्रेक्षण गृह<br>**ख.** विशेष गृह<br>**ग.** किशोर/बाल गृह<br>**घ.** एस. ओ. एस.  बाल गाँव | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | मिलान करो :-<br>**A.** होटल **i)** किराये पर स्थान प्रदान करना<br>**B.** सुसज्जित शिविर /कैंप **ii)** आवास भोजन प्रदान करना<br>**C.** आवास /लॉज **iii)**खूबसूरती व सुख सुविधा प्रदान करना<br>**D.** सैरगाह **iv)** लम्बी पैदल यात्रा के लिए आतिथ्य प्रदान करना<br>**क. A iii), B i), C ii) , D iv)**<br>**ख. A ii), B iv) ,C i), D iii)**<br>**ग. A iv), B iii), C i), D iii)**<br>**घ. A i), B ii), C iii), D iv)** | 1 |
| 7 | जैम, जेली ,सॉस आदि बनाने के लिए चीनी मिलाने की विधि यह कहलाती है-<br>**क.** कैनिंग<br>**ख.** सूखना<br>**ग.** पाश्च्चुरीकरण<br>**घ.** रेफ्रीजिरेशन | 1 |
| 8 | ---------------------स्तर व्यक्ति,परिवार ,समुदाय के संपर्क में आने वाली पहली स्वास्थ्य प्रणाली है ।<br>**क.** तृतीय<br>**ख.** प्राथमिक<br>**ग.** उप -प्राथमिक<br>**घ.** द्वितीय | 1 |
| | रिक्त स्थान भरो :- | |
| 9 | -----------------माप पोषण मूल्यांकन के लिए जाते हैं ।<br>अथवा<br>भारत विश्व की --------------- ‘राजधानी’ बन सकता है। | 1 |
| 10 | ------------------------एक नया और नवप्रवर्तक उद्यम, उत्पाद या सेवा स्थापित करने का कार्य है । | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 11 | कला को पहचानिए तथा बताइए यह किस राज्य में प्रचलित है।  अथवा **कला को पहचानिए तथा बताइए यह किस राज्य में लोकप्रिय है।**  | 1 |
| 12 | पानी की बोतल पर पाए जाने वाले मानकीकरण चिन्ह बनाइये। | 1 |
| 13 | बच्चों के लिए एस. ओ. एस. बाल गाँव में रहने के दो लाभ बताइये। | 1 |
| 14 | तुम्हारी बहन अपने तीन वर्षीय बेटे को मॉन्टेसरी स्कूल में भेजना चाहती है। इस स्कूल का चुनाव करने के दो कारण लिखिए। अथवा रीना अपनी दो वर्षीय बेटी को क्रेच में भेजना चाहती है। एक अच्छे क्रेच का चुनाव करने के लिए उसे कौन सी दो सुविधाओं को देखना चाहिए। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | खंड -ख ( केस स्टडी पर आधारित प्रश्न ) | |
| 15 | रेखा को उस लकीर के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो दो बिंदुओं को जोड़ती है। किसी वस्तु के डिज़ाइन में रेखा उस वस्तु की आकृति को प्रदर्शित करती है। सरल रेखा एक दृढ़ अखंडित रेखा होती है।सरल रेखाएँ अपनी दिशा के अनुसार विभिन्न प्रकार के प्रभाव उत्पन्न करती हैं, यह मनोवृत्ति का प्रदर्शन भी करती हैं। ऊर्ध्वाधर रेखाएँ पृथ्वी के साथ लम्ब बनाती हैं।इन रेखाओं के साथ दृष्टि नीचे से ऊपर को घूमती हैं और लम्बाई का एहसास देतीं है। क्षैतिज रेखाएँ पृथ्वी के सामान्तर होती हैं, साथ-साथ दृष्टि एक ओर से दूसरी ओर घूमती हैं। इनसे चौड़ाई का एहसास होता है। ये रेखाएँ विश्राम, सौम्यता,चौड़ाई और सहजता का भ्रम उज़ागर करती हैं। तिरछी रेखाएँ कोण पर निर्भर करतीं हैं। कोण और दिशा के आधार पर तिरछी रेखाएँ लम्बाई और चौड़ाई को घटाती-बढ़ाती हैं। किसी भी गोलाई वाली रेखा को वक्र रेखा कहते हैं। यह स्त्रीत्व और सभ्यता का प्रभाव देती है।<br>------------------- गति व दिशा को निर्धारित करती हैं\|<br>**क.** आकार<br>**ख.** पैटर्न<br>**ग.** रेखा<br>**घ.** रंग | 1 |
| 16 | ऊर्ध्वाधर रेखाओं की क्या दर्शाती हैं ?<br>**क.** ऊपर की तरफ गति दर्शाना<br>**ख.** एक ओर से दूसरी ओर गति दर्शाना<br>**ग.** तिरछी तरफ गति दर्शाना<br>**घ.** गोलाई में गति दर्शाना | 1 |
| 17 | इनमें से कौन सी रेखायें नाटकीय प्रभाव देती हैं ?<br>**क.** क्षैतिज रेखा<br>**ख.** ऊर्ध्वाधर रेखा<br>**ग.** वक्र रेखा<br>**घ.** तिरछी रेखा | 1 |
| 18 | इनमें से कौन सा कथन गलत है ?<br>**क.** ह्यू रंगों के नाम को कहते हैं<br>**ख.** रंगों की चमक और मंदता को तीव्रता कहते हैं<br>**ग.** रेखाओं को जोड़ के आकृति बनती है<br>**घ.** परवलय वक्र रेखा नहीं है | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | खाद्य पदार्थों को नष्ट होने से बचाने के लिए विभिन्न विधियों का प्रयोग इतिहास पूर्व काल से चला आ रहा है फिर चाहे वह कटी हुई फसल हो या कटा हुआ पशु ।<br>आमतौर पर खाद्य संरक्षण के लिए जो विधियाँ अपनाई जाती थी , उनमें से प्रमुख विधियाँ थी - धूप में सुखाना, नियंत्रित ,नमक लगाना / आचार बनाना , सेकना,<br>भूनना, धूमन ,चूल्हे में पकाना और मसालों का परिरक्षी के रूप में उपयोग करना ।<br>विकार्य /जल्दी ख़राब होने वाले खाद्य पदार्थ वह खाद्य पदार्थ हैं जो एक या दो दिन मई जल्दी खराब हो जाते हैं, जैसे -दूध ,मांस आदि । अर्ध-विकार्य /जल्दी खराब होने वाले खाद्य पदार्थ एक से दो हफ्ते तक खराब नहीं होतें हैं, जैसे- फल, सब्जियाँ आदि। अविकार्य /खराब न होने वाले खाद्य -पदार्थ को हम एक साल तक खा सकते हैं, जैसे -अनाज ,चावल , गेंहू आदि।<br>संसाधित खाद्य पदार्थों द्वारा जीवाणुओं की वृद्धि कम की जा सकती है, साथ ही साथ खाना खराब होने से बचाया जा सकता है । | |
| **19** | पालक इसका उदाहरण है-<br>**क.** अविकार्य /खराब न होने वाले खाद्य -पदार्थ<br>**ख.** विकार्य /जल्दी ख़राब होने वाले खाद्य पदार्थ<br>**ग.** अर्ध-विकार्य /जल्दी खराब होने वाले खाद्य पदार्थ<br>**घ.** जमा हुआ भोजन | **1** |
| **20** | जीवाणु ---------------------------ताप पर वृद्धि करते हैं जिसे खतरे का क्षेत्र कहते हैं।<br>**क. 10-60** डिग्री सेल्सियस<br>**ख. 5-65** डिग्री सेल्सियस<br>**ग. 5-60** डिग्री सेल्सियस<br>**घ. 10-65** डिग्री सेल्सियस<br>**अथवा**<br>अत्यधिक जोखिम वाले खाद्य जो प्रोटीन के अच्छे स्त्रोत हैं ---------------और--------------- हैं ।<br>**क.** चावल और गेंहूँ<br>**ख.** फल और सब्ज़ियाँ<br>**ग.** शर्करा और तेल<br>**घ.** मछली ,मांस | **1** |
| **21** | इनमें से कौन सा तरीका खाद्य पदार्थों को खराब होने से बचाने के लिए होना चाहिए ।<br>**क.** नमक को खाद्य पदार्थ से हटाना<br>**ख.** खाद्य पदार्थ में पानी मिलाना<br>**ग.** खाद्य पदार्थों में से नमी हटाना<br>**घ.** ऑक्सीजन की उपलब्धता होना | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| | **अथवा**<br><br>चावल , गेंहूँ ,दाल ---------------प्रकार के खाद्य पदार्थ हैं<br>**क.** अर्ध-विकार्य /जल्दी खराब होने वाले<br>**ख.** विकार्य /जल्दी ख़राब होने वाले<br>**ग.** अविकार्य /खराब न होने वाले<br>**घ. संसाधित** | |
| | **खंड- ग** | |
| **22** | पोषण औषध क्या है? इसके दो उदाहरण दीजिये ।<br>**अथवा**<br>पादप रसायन क्या है? इसके दो उदाहरण दीजिये । | **2** |
| **23** | हमारे देश में चलने वाली कोई चार पोषण सम्बन्धी कार्यक्रम की सूची बनाइए \| | **2** |
| **24** | चार प्रकार के बाजार विभाजन के बारे में लिखिए ।<br>**अथवा**<br>उत्तम व्यापार के लिए कोई चार वांछित बिंदु लिखिए । | **2** |
| **25** | जन पोषण स्वास्थ्य से क्या तात्पर्य है ? भारत 'कुपोषण का दोहरा भार' उठा रहा है', इसका क्या अर्थ है ? | **2** |
| **26** | फैशन डिज़ाइनर और फैशन व्यापारी में कौन से ज्ञान और कौशल अवश्य होने चाहिये ? (कोई दो) | **2** |
| **27** | रोगी को भोजन देने के कौन से दो तरीके हैं ? | **2** |
| **28** | प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा में विद्यालय पूर्व केंद्र का क्या महत्त्व है? | **3** |
| **29** | 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ' योजना कौन से वर्ष में शुरू की गई थी? इस योजना के दो मुख्य उद्देश्य क्या हैं ?<br>**अथवा**<br>सुकार्यिकी से आप क्या समझते हैं ? इसकी हमारे दैनिक जीवन में दो आवश्यकताएँ क्या हैं ? | **3** |

| | | |
|---|---|---|
| 30 | बच्चों के संवेदनशील होने के क्या कारण हैं ? हमारे देश में बच्चों के लिए चल रहीं कोई दो योजनाओं के बारे में विस्तार से बताइये । | 4 |
| 31 | अजय एक होटल में प्रमुख कार्यालय प्रबंधक के रूप में चुना गया है। प्रमुख कार्यालय में विविध कार्मिकों के पदनाम और कर्तव्यों के बारे में उसे समझाएँ।<br>**अथवा**<br>रमेश एक सैरगाह में प्रमुख कार्यालय प्रबंधक है। उसे अपने कार्मिकों से कौन सी सेवाएँ लेनी चाहिए। | 4 |
| 32 | उपभोक्ताओं की किन्हीं चार समस्याओं की विवेचना कीजिए। | 4 |
| 33 | गीता अपना एक बुटीक खोलना चाहती है। उसे कपड़े डिज़ाइन करने के लिए डिज़ाइन के चार सिद्धांत सुझाइए \| | 4 |
| 34 | खाद्य मानक, गुणवत्ता, शोध और व्यापार के क्षेत्र में कोडेक्स और आई. एस.ओ. के क्या कार्य हैं। इन दोनों के बीच अंतर बताइए \| | 5 |
| 35 | अभियान क्या होता है ? विकास संचार के कोई दो अन्य माध्यम बताइए। कोविड उचित व्यवहार पर एक स्लोगन तैयार कीजिए।<br>**अथवा**<br>रेड रिबन एक्सप्रेस अभियान क्या है ? विस्तार में समझाएँ। इसके पाँच उद्देश्य बताइए। | 5 |
| 36 | वस्त्रों की देखरेख और रखरखाव के लिए प्रयोग में आने वाले विभिन्न उपकरण कौन से हैं ? किन्हीं पाँच को संक्षेप में समझाएँ। | 5 |